हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार, 8 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 35.1 डिग्री
न्यूनतम 23.9 डिग्री

11 मेहनत, लगन अनुशासन से रोहतक के खिलाड़ी ...



12 फसल नुकसान दर्ज करने के लिए पोर्टल खोले..



## बारिश के पानी से भारी नुकसानः जलभराव की स्थिति का जायजा लेने भैणी महाराजपुर पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

# हालात पर पूरी नजर, किसानों को दिक्कत नहीं आने देंगे, जल निकासी युद्ध स्तर पर करवाएं

### ग्रामीणों की समस्याएं सुनी अविलंब निदान के निर्देश दिए

*सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा यह बहुत बड़ी प्राकृतिक आपदा है, जिसमें पंजाब और हिमाचल में गांव के गांव तबाह हो गए। उन्होंने कहा कि ड्रेन ओवरफ्लो चल रही है। हर स्थिति पर सरकार की नजर है। पानी निकासी के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।*





रोहतक। ग्रामीणों की शिकायत सुनते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटोः हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि वह दो दिन से प्रदेश के लोगों के बीच में घूम रहे हैं। जो बरसात आई है वह प्राकृतिक आपदा है, जो कई साल में आई है। लोगों की समस्याओं को नजदीक से देख रहे हैं। बरसात से काफी नुकसान भी हुआ है, वहीं इसके फायदे भी हैं। आने वाले समय में स्वच्छ जल मिलेगा। लोगों की समस्याओं का समाधान तुरंत कर रहे हैं। हमारे विधायक, अधिकारी और स्वयं वह भी जनता के बीच सुनवाई कर रहे हैं। सीएम रविवार को भैणी सुरजन गांव में जलभराव का निरीक्षण करने पहुंचे थे। सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा यह बहुत बड़ी प्राकृतिक आपदा हैं जिसमें पंजाब और हिमाचल में गांव के गांव तबाह हो गए। उन्होंने कहा कि ड्रेन ओवरफ्लो चल रही हैं। हर स्थिति पर सरकार की नजर है। आने वाले दिनों में जहां जो समाधान जरूरी होंगे, किए जाएंगे।

### जल निकासी के लिए अतिरिक्त पंप सेट लगाए जाने के निर्देश

इसके अलावा जहां सड़के टूटी हुई हैं, उनको भी जल्द ठीक करवाने के लिए प्रशासन को कहा गया है। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए कहा कि वे धैर्य से काम लें। उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। जल निकासी के लिए अतिरिक्त पंप सेट लगाए जा रहे हैं। प्रशासन को उचित दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों को जलभराव के कार्यों में तेजी लाने के आदेश जारी किए। इस दौरान वे बहलबा के ग्रामीणों से भी मिले और समस्या समाधान का आश्वासन दिया। दौरे के दौरान एसडीएम मुकुंद तंवर, डीएसपी ऋषभ सोढ़ी सहित पंचायत समिति महम के चेयरमैन नवनीत राठी, रोहताश पहलवान, नरेश चेयरमैन, शैलेंद्र धत्तरवाल, अजीत अहलावत आदि भी मौजूद रहे।

### सड़कों को तत्काल ठीक करवाए अधिकारी

ग्रामीणों की समस्या पर सीएम नायब सिंह ने डीसी को आदेश दिए कि एनएच 9 भैणी महाराजपुर गांव में बदहाल सड़क को ठीक किया जाए।

### ड्रेन की मांग की

महंत सतीश दास ने गांव फरमाना, भैणी सुरजन, सैमाण, मातो भैणी के गांवों के बीच से ड्रेन निकालने की मांग सीएम के सामने की। सीएम ने इसके निर्माण के लिए जिला उपायुक्त को आदेश जारी किए।

### कमेटी ने की मुलाकात

भैणी सुरजन गांव की पानी निकासी के लिए बनाई गई 31 सदस्यीय कमेटी ने भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की और ड्रेन बनवाने और जल निकासी की मांग की।



महम। जलभराव से प्रभावित इलाके में पीड़ित किसानों से बातचीत करते पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा। फोटोः हरिभूमि

## पूर्व सीएम हुड्डा ने जलभराव प्रभावित गांवों का दौरा किया

■ सरकार से किसानों को प्रति एकड़ 60 हजार रुपए मुआवजा देने की मांग की

**महम।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने रविवार को महम हलके के जलभराव से प्रभावित गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने किसानों का हाल चाल जाना और सरकार से किसानों को खराब हुई फसल का 60 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा देने की मांग की। साथ ही कहा कि प्रशासन द्वारा तुरंत जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के ठोस कदम उठाए जाने चाहिएं। ताकि किसानों को समय से अगली बुआई का अवसर मिले। साथ ही जलभराव के स्थाई समाधान की पुख्ता योजना बनाई जाए। बाढ़ प्रभावित रिहायशी इलाकों में क्षतिग्रस्त हुए घरों के लिये भी अलग से मुआवजा दिया जाए। रविवार को पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने महम हलके के गांव बहलबा, भैणीचंद्रपाल, फरमाणा, सैमाण, भैणी सुरजन, भैणीभैरों, भैणी मातो, बेडवा, भैणी महाराजपुर गांवों के जलभराव की स्थिति की जानकारी ली।

## खबर संक्षेप

### श्री राम सेकेंडरी स्कूल में रक्तदान शिविर 14 को

**महम।** कस्बा महम के वार्ड 7 स्थित श्री राम सेकेंडरी स्कूल में रविवार 14 सितंबर को रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। स्कूल के डायरेक्टर रमेश गिरधर ने बताया कि शिविर का शुभारंभ सेवानिवृत प्रिंसिपल कर्मवीर सिंह करेंगे। महम नगर पालिका के वाइस चेयरमैन बसंत लाल गिरधर भी इस शिविर में शिरकत करेंगे। रमेश गिरधर ने बताया कि शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर दो बजे तक चलेगा। विद्यालय प्रबंधन ने इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान के लिए लोगों से अपील की है।

### सांपलाः शराब ठेका हटवाने की मांग

**सांपला।** श्रद्धालुओं ने सांपला बाईपास नेशनल हाईवे पर खुले शराब ठेके को हटाने की मांग की है। रविवार को सांपला निवासी बंटी, बिजेंद्र सहित कई लोगों ने आबकारी विभाग को दी शिकायत में कहा है कि जहां पर शराब का ठेका खुला है उसके पास शनिदेव मंदिर और सर छोटूराम संग्राहालय हैं। मंदिर में लोगों का आवागमन रहता है। इसलिए यहां से शराब ठेका हटाया जाए।

### पंजाबी धर्मशाला में रक्तदान शिविर 15 को

**महम।** महम स्पोर्ट्स क्लब द्वारा पंजाबी धर्मशाला में सोमवार 15 सितंबर को रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। क्लब के प्रधान जोगिंद्र गिरोत्रा ने शहर और क्षेत्र के लोगों से रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की है। कहा है कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं होता। क्योंकि यह मरीजों की जान बचाने का काम करता है।

### एप डाउनलोड करवाकर 1.30 लाख ठगी, दो धरे



**रोहतक।** पुलिस ने 1 लाख 30 हजार रुपये की ठगी की वारदात मे शामिल रहे दो आरोपियों को गिरफ़्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपियो को पेश अदालत किया गया। अदालत के आदेश पर आरोपियों को 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रोहतक निवासी शिवांग की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरु की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि 23 नवम्बर 2024 को शिवांग के पास एक फोन कॉल आया जिसने जॉब देने के नाम पर शाइन कम्पनी नाम की ऐप डाउनलोड करने बारे कहा।

### साइबर ठगी से बचने के लिए करें 1930 पर कॉल

**रोहतक।** साइबर अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं और अपराधी लोगों को लोन एप्स व ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए निशाना बना रहे हैं। विशेषज्ञों ने नागरिकों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और ठगी का शिकार होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या डायल 112 पर कॉल करें।

### शहर में वेस्ट प्रबंधन को लेकर निगम सख्त



**रोहतक।** नगर निगम ने शहर में निर्माण एवं विध्वंस वेस्ट के प्रबंधन को लेकर विशेष अभियान शुरू कर दिया है। स्वच्छता विशेष अधिकारी प्रदीप कौशिक ने जानकारी दी कि निगम द्वारा वेस्ट उठाने के लिए दो वाहन विशेष रूप से तैनात किए गए हैं। इसके साथ ही निगम की टीम शहर में लगातार कार्रवाई कर रही है। वेस्ट को इधर-उधर फेंकने वालों पर अब सख्त कार्रवाई की जाएगी।

*संयुक्त आयुक्त मंजीत सिंह ने स्वच्छता अभियान को और मजबूत बनाने का दिया संदेश*

## कृष्णा मार्केट में दुकानदारों से डस्टबिन रखने की अपील

*शहर को स्वच्छ, सुंदर रखने की कवायद तेज*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



नगर निगम ने शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने के लिए अभियान को और गति देने की शुरुआत कर दी है। इसी कड़ी में संयुक्त आयुक्त मंजीत सिंह ने रविवार को कृष्णा मार्केट का दौरा किया और दुकानदारों से साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की। संयुक्त आयुक्त ने दुकानदारों से कहा कि वे अपनी-अपनी दुकानों पर गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग डस्टबिन में रखें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कूड़ा सड़क या आस-पास फेंकने की बजाय सीधे डस्टबिन में ही डाला जाए। जब नगर निगम की कूड़ा उठाने वाली गाड़ी पहुंचे, तो उसी के माध्यम से कचरा सौंपा जाए। स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है और दुकानदार इसमें अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग बिल्कुल न करने की भी अपील की और कहा कि स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी ही शहर को प्रदूषण और गंदगी से मुक्त रख सकती है। निरीक्षण के दौरान दुकानदारों ने भी निगम के प्रयासों का समर्थन किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि 11 सितंबर 2025 तक सभी दुकानें गीले और सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन से लैस होंगी। इसके अलावा, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग भी नहीं किया जाएगा और नगर निगम को हर संभव सहयोग दिया जाएगा। नगर निगम का मानना है कि दुकानदारों के सहयोग से न केवल बाजार बल्कि पूरा शहर साफ-सुथरा बनेगा। यह पहल शहरवासियों को स्वस्थ वातावरण देने की दिशा में अहम कदम साबित होगी।

### नेहरू कॉलोनी में घटना से मचा हड़कंप

## बारिश के चलते गिरी मकान की छत घर में काम कर रही महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक





कई दिन से लगातार हो रही बारिश के कारण नेहरु कॉलोनी में जर्जर मकान की छत गिरने से दर्दनाक हादसा हो गया। 32 वर्षीय महिला सुनहरी की मलबे में दबकर मौत हो गई जिसके बाद आस पड़ोस में अफरा-तफरी का माहौल मच गया। जिस वक्त हादसा हुआ जर्जर हुए मकान से दूसरे किराए के मकान में सामान शिफ्ट किया जा रहा था। आखिरी बार सामान लेने मकान में पहुंची महिला के पर छत का मलबा गिर गया जिससे महिला की मौत हो गई। मृतक सुनहरी की सास बंतो देवी और बेटी ने बताया कि वह मजदूरी का काम करते हैं। कई दिन से हो रही बारिश के कारण मकान जर्जर हो गया था। मकान में दरार आ गई थी। जिसके चलते सामान को किराए के दूसरे मकान में शिफ्ट कर रहे थे। मकान का ज्यादातर सामान शिफ्ट कर दिया गया था लेकिन आखिरी सामान बचा हुआ था जिसे लेने के लिए सुनहरी घर के अंदर गई तो मकान की छत उस पर गिर गई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग शोर-शराबा सुनकर इकट्ठा हुए और सुनहरी को बाहर निकालने की कोशिश की। इस दौरान महिला की मौत हो गई।

**मौसम की मार** सामान्य से दोगुना बारिश ने पूरे जिले में मचाई तबाही, खड़ी फसलें बर्बाद

### रविवार दिन में नहीं गिरी आफत की बूंदें

# सनद रहे साल 1995 में 1138 मिलीमीटर पानी बरसा था, इस मानसून में अभी तक 626.6 एमएम

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक

साल 1995 में रोहतक समेत कई जिलों में बाढ़ आयी थी। उसके बाद जिस भी साल थोड़ी सी ज्यादा बरसात होती है तो उसकी तुलना हम वर्ष 1995 से करने लग जाते हैं। जबकि वास्तव में इतनी बरसात होती है नहीं। इस साल अन्य वर्षों की अपेक्षा ज्यादा बारिश हुई है। लेकिन इतनी भी नहीं कि साल 1995 की बाढ़ से उपमा करें। गत एक जून से रविवार 7 सितंबर तक जिले में 626.6 मिलीमीटर बारिश हो चुकी थी। जोकि सामान्य बरसात से 51 प्रतिशत अधिक है। जबकि साल 1995 में 1138 मिलीमीटर पानी मानसून सीजन में पड़ा तो चारों तरफ तबाही ही तबाही का मंजर था। वर्ष 1995 के मुकाबले अभी तक 55 प्रतिशत बारिश अभी तक हुई है। ध्यान रहे कि 2 सितंबर 1995 की शाम को आसमान से आफत गिरनी शुरू हुई थी। लगभग 48 घंटे बाद 4 सितंबर की शाम को तब जब जाकर बरसात बंद हुई थी, जब सब कुछ तबाह हो चुका था। रविवार सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक को जिले में बरसात नहीं हुई। ये किसानों के लिए बड़ी राहत रही। लेकिन शनिवार-रविवार की रात रोहतक खंड में 4, महम ब्लॉक में 10, सांपला में 1, कलानौर में 2 और लाखनमाजरा क्षेत्र में 7 एमएम बारिश दर्ज की गई।



भारी बरसात से भगवतीपुर के खेतों में पानी भरने से फसल बिल्कुल खत्म हो चुकी हैं। *फोटोः अनिल चहल*

### वर्ष 1996 में भी 666.50 एमएम हुई थी बरसात

चालू मानसून सीजन में रविवार 7 सितंबर तक 626.6 मिलीमीटर बरसात हो चुकी थी। लेकिन इससे पहले बाढ़ के अगले ही साल साल 1996 में 666.50 एमएम बारिश हुई। इतना ही नहीं 1997 में भी जबरदस्त पानी गिरा। सिंचाई विभाग के रिकॉर्ड में दर्ज डाटा बताता है कि 661.30 बारिश हुई। लेकिन जो हाल बारिश ने अब किए हुए हैं, वैसे नहीं थे। कारण था कि उस समय जमीनी पानी का स्तर ज्यादा ऊपर नहीं था। साल 1995 में बाढ़ आने के बाद जलस्तर बढ़ने का सिलसिला तो शुरू हुआ। लेकिन दो साल में इतना नहीं बढ़ा था कि 661.30 मिलीमीटर बरसात बड़ी मुसीबत बनती। जमीनी में इतनी क्षमता था कि बरसात पानी को सोख लेती थी। लेकिन अब ऐसा नहीं है।

### साल 1999 में मात्र 282 एमएम

जिले में वर्ष 1998 में जहां 604.81 मिलीमीटर बरसात हुई। ठीक इसके अगले ही साल 1999 में बरसात आधी कम होकर 282.00 एमएम हो गई। इसका खेती पर प्रतिकूल असर पड़ा। कम बरसात की वजह से जिन किसानों ने धान की रोपाई की थी, फसल तैयार करने के लिए डीजल पंपसेट चलाकर काफी पैसा खर्च करना पड़ा।

### अन्य सालों की अपेक्षा ज्यादा बारिश हुई



हमारे रिकॉर्ड मुताबिक वर्ष 1995 में रोहतक में 1138 एमएम बरसात दर्ज की गई। जिले को बाढ़ग्रस्त घोषित किया गया था। इस साल भी अन्य सालों की अपेक्षा ज्यादा बारिश हुई है। प्रशासन की तरफ से पानी निकासी के पूरे इंतजाम किए गए हैं। **-दलबीर राणा, जल वैज्ञानिक, सिंचाई विभाग रोहतक**

### बरसाती पानी की निकासी के कार्य में तेजी लाएं



हमारे गांव में सैकड़ों एकड़ जमीन में ज्वार-बाजरा समेत दूसरी फसलें ज्यादा बरसात की वजह से नष्ट हुई हैं। प्रशासन ने 60 हजार रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा तुरंत देना चाहिए। बरसाती पानी की निकासी के कार्य में सरकार ने तेजी लानी चाहिए। **-प्रवीन कुमार, किसान गांव भगवतीपुर**

वर्ष 1990 से 2010 तक

| साल | बरसात मिमी में |
|---|---|
| 1990 | 541.00 |
| 1991 | 415.00 |
| 1992 | 521.25 |
| 1993 | 566.40 |
| 1994 | 422.00 |
| 1995 | 1138.00 |
| 1996 | 666.50 |
| 1997 | 661.30 |
| 1998 | 604.81 |
| 1999 | 282.00 |
| 2000 | 429.00 |
| 2001 | 526.00 |
| 2002 | 347.00 |
| 2003 | 570.00 |
| 2004 | 403.00 |
| 2005 | 587.00 |
| 2006 | 387.00 |
| 2007 | 405.00 |
| 2008 | 566.00 |
| 2009 | 420.00 |
| 2010 | 644.00 |

*डाटा स्रोतःसिंचाई विभाग रोहतक*

### बकाया बिजली समाधान के लिए उपभोक्ता सरचार्ज माफी का उठाएं लाभ



■ एकमुश्त जमा करवाने पर 10 % की अतिरिक्त छूट दी जाएगी

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने जिला के बिजली के बकाया बिलों के उपभोक्ताओं का आह्वान किया है कि वे सरकार द्वारा क्रियावित की जा रही सरचार्ज माफी योजना-2025 का लाभ उठाएं। यह योजना आगामी 11 नवंबर तक लागू रहेगी। उन्होंने बताया कि शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सभी ऐसे उपभोक्ता श्रेणियों के कनेक्टिड और डिस्कनेक्टिड उपभोक्ता इस योजना का लाभ उठा सकते हैं, जिनके बिजली बिल गत 31 अगस्त तक बकाया थे तथा अब तक बकाया हैं। योजना के अंतर्गत शहरी तथा ग्रामीण घरेलू बिजली के कनेक्शन का अब तक का पूर्ण सरचार्ज फ्रीज कर दिया जाएगा। केवल मूल राशि का भुगतान करना होगा। एकमुश्त जमा करवाने पर उपभोक्ताओं को मूल राशि पर 10 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट दी जाएगी।


समुद्र मे गहरा गोता लगाने के लिए मगरमच्छ कभी-कभी भारी पत्थर भी निगल लेता है।


उल्लू अपनी गर्दन घुमाकर पीछे की ओर भी देख सकता है। इसकी नजर मनुष्य से सौ गुना तेज होती है।

# भविष्य कंप्यूटर का, टीचर बनकर चमकाएं करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

कंप्यूटर हमारे समय की मांग है, चाहे वह समय आज का हो या आने वाला कल दोनों में ही कंप्यूटर की बहुत बड़ी जरूरत है। एक अच्छी कंप्यूटर योग्यता हासिल करने के बाद आप स्कूल या कॉलेज में कंप्यूटर टीचर के पद पर नियुक्ति पा सकते हो। और वह कंप्यूटर टीचर की नौकरी प्राइवेट या सरकारी दोनों ही मिल सकती है। अगर आप भी कंप्यूटर टीचर बनने के बारे में सोच रहे हैं तो पहले आपको यह सोचना होगा कि आपको कंप्यूटर योग्यता के लिए किस टाइप की डिग्री प्राप्त करनी है। यह सब आपको 10वीं करने के तुरंत बाद ही तय करना पड़ेगा ताकि आप सही समय पर सही फैंसला ले सकें।

## बहुत ज्यादा नौकरियां

विभिन सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों पर कंप्यूटर के कार्यों पर नौकरी निकलती रहती है अगर आपके पास उच्च कंप्यूटर योगयता है तो आप इन पर समय समय पर अप्लाई कर सकते है। उनकी शर्तों को पूरा करते हुए आप इन पदों पर सलेक्ट भी होते हैं। अगर आपके पास कोई कंप्यूटर संबंधित कोर्स किया हुआ है तो आपकी सिलेक्शन के चांस बढ़ जाते हैं। इस लेख में आगे हम आप को कुछ कंप्यूटर कोर्सेज की लिस्ट देंगे और यह भी बताएंगे के कंप्यूटर कोर्स कैसे करें। आज का दौर ऑनलाइन का है और आज कल बहुत से कक्षाओं में ऑनलाइन पढाई होती है और वह ऑनलाइन क्लासेज का पूरा मैनेजमेंट कंप्यूटर टीचर के हाथ में ही होता है। स्कूल में कंप्यूटर टीचर की जरुरत तो हर हालत में होती ही है और उच्च शैक्षिक योगयता हासिल करके आप इन पदों के लिए सक्षम हो सकते हैं। आप कंप्यूटर टीचर से संबंधित कुछ कोर्स करने के बाद कंप्यूटर टीचर के पदों पर अप्लाई कर सकते हैं। कंप्यूटर टीचर कैसे बने इस टर्म को समझने के लिए आप को कंप्यूटर टीचर से जुडी सभी बातों को जानना आवश्यक होता है।

## ये योग्यताएं जरूरी

किसी भी स्कूल या संस्थान में विषय-विशेष की फैकल्टी भर्ती करने के लिए विशेष मानक होते हैं। यदि कोई व्यक्ति कम्प्यूटर टीचर बनना चाहता है तो उसके पास आवश्यक शैक्षणिक योग्यताएं होना जरूरी है। जो इस प्रकार हो सकती हैं।

- स्कूल स्तर में कम्प्यूटर टीचर हेतु क्रमशः बीसीए अथवा पीजीडीसीए डिग्री होनी चाहिए या किसी प्रसिद्ध कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट से कम्प्यूटर शिक्षा में डिप्लोमा हो।



- कॉलेज में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को कम्प्यूटर सबजेक्ट पढ़ाना चाहते हैं तो इसके लिए आपके पास एमएससी डिग्री होना जरूरी है।
- सॉफ्टवेयर या हार्डवेयर जिस भी विषय में आप विशेषज्ञ है, उस विषय का फंडामेंटल नॉलेज होना जरूरी है।
- बतौर कम्प्यूटर टीचर आपके पास प्रोग्रामिंग कौशल है तो सोने पे सुहागा साबित होगा।
- विद्यार्थियों तक अपने विचार, जानकारी पहुंचाने का सहज और आकर्षण गुण आपके पास होना चाहिए।
- अपने विषय पर कमांड और उस क्षेत्र में हो रहे नवाचारों से भी अपडेट होना आवश्यक है।

## इस तरह बन सकते हैं कंप्यूटर टीचर

- कम्प्यूटर विषय से ग्रेजुएशन करने के बाद देश के प्रसिद्ध कॉलेज में पढ़ाने के लिए आपको एग्जाम देने होते हैं। जिसके बाद ही आप कम्प्यूटर टीचर बन पाते हैं। निम्नलिखित क्राइटेरिया को पूरा करके आप कम्प्यूटर टीचर बन सकते हैं।
- अगर, आप किसी कॉलेज में लेक्चरर बनना चाहते हैं तो आपको नेट एग्जाम क्लियर करना पड़ेगा।
- दूसरी ओर किसी स्कूल में कम्प्यूटर टीचिंग करना चाहते हैं तो टीचर इलीजिबिलिटी टेस्ट या फिर कई सारे विद्यालयों द्वारा टीचर्स की भर्ती के लिए बनाए गए मापदंड़ों को पूरा करना पड़ सकता है।
- अगर, आप एक सरकारी कम्प्यूटर टीचर बनना चाहते हैं और किसी गवर्नमेंट कॉलेज में पढ़ाना चाहते हैं तो इसके लिए पहले आपको यूजीसी अथवा सीएसआईआर-नेट क्वालीफाइड सर्टिफिकेट की परिक्षा उतीर्ण करनी पड़ती हैं।

## आने वाला भविष्य कंप्यूटर आधारित, इसका नॉलेज आपको रखेगा आगे

अगर, अभी भी आपके मन में शंका है कि आगे आने वाले समय में कम्प्यूटर का भविष्य क्या होगा। तो बता दें पिछले एक दशक से लगातार भारत देश में कम्प्यूटर शिक्षकों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। क्योंकि, कम्प्यूटर की उपयोगिता और वर्तमान समय में इसके लाभ को देखते हुए बचपन से ही छात्रों को कम्प्यूटर सीखने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। यदि आपको इस फील्ड में अच्छा नॉलेज और अनुभव है तो आप इसमें एक शानदार करियर देख सकते हैं. और कम्प्यूटर टीचर बनने की तैयारी अभी से शुरु कर सकते हैं। हम डिजिटल दुनिया में जी रहे हैं जहां सारी दुनिया एक-दूसरे से कनेक्टेड है। आज गांव के कोने में बैठा एक व्यक्ति की वीडियो देश-विदेशों में देखी जा रही है। अगर, आपके पास भी कम्प्यूटर टीचिंग का ज्ञान है जिससे आप दूसरों की सहायता कर सकें तो पैसे कमाने में ज्यादा दिक्कत नहीं आएगी। यूटयूब जैसे अनेक ऐसे प्लैटफॉर्म है, जहां पर आप अपने टीचिंग का हुनर दिखाकर स्कूल या कॉलेज टीचर की भांति ही अच्छी कमाई कर सकते हैं। आप बतौर कम्प्यूटर टीचर डेटा विश्लेषक का कार्य भी कर सकते हैं। डेटा एनालिटिस्ट वह व्यक्ति होता है जो डेटा को रॉ फॉर्म में प्राप्त कर उसे प्रोसेस कर समझने योग्य सूचना बनाता है।

### 12वीं पास करने के बाद बीए तीन साल की एक स्नातक डिग्री

# बीए के बाद करियर : सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में मिलते हैं बेहतरीन अवसर

डॉ. मोहित बंसल

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



अगर आपने सिर्फ बैचलर ऑफ आर्ट्स (बीए) किया है तो घबराएं नहीं। बीए करने के बाद भी आप अपने करियर को बेहरीन उड़ान दे सकते हैं। बीए तीन वर्षों की एक स्नातक डिग्री है, जो छात्रों को ह्यूमनिटीज, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं की गहरी समझ प्रदान करती है। इस कोर्स में विभिन्न विषयों का अध्ययन कराया जाता है जैसे हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, दर्शनशास्त्र और जनसंचार। वहीं बी.ए. ऑनर्स पाठ्यक्रम किसी एक विषय में गहन और विशेषज्ञ अध्ययन प्रदान करता है। उदाहरण के लिए, छात्र अंग्रेजी साहित्य, हिंदी साहित्य, इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, भूगोल, दर्शनशास्त्र या जनसंचार जैसे विषयों में ऑनर्स करके उस क्षेत्र में गहरी जानकारी और शोध क्षमता प्राप्त करते हैं। इन स्पेशलाइज़ेशन के आधार पर विद्यार्थी आगे चलकर कंटेंट राइटिंग, रिसर्च, शिक्षण, काउंसलिंग, प्रशासनिक सेवाओं, मीडिया, सामाजिक कार्य और कॉर्पोरेट क्षेत्रों में अलग-अलग करियर मार्ग चुन सकते हैं।

**इस कोर्स में कई विषयों का अध्ययन करने में सक्षम होकर बनते हैं काबिल**

## सामाजिक विज्ञान व भाषाओं की देती है गहरी समझ



## इंडस्ट्री स्किल्स की भूमिका : एक आवश्यक पूरक

बीए की शैक्षणिक पृष्ठभूमि छात्रों को विचार करने, अभिव्यक्ति और विश्लेषण क्षमता प्रदान करती है। लेकिन वर्तमान समय में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है। कंपनियां उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता देती हैं जो अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक स्किल्स से भी लैस हों। चाहे पत्रकारिता हो, कंटेंट राइटिंग, प्रशासनिक सेवाएं या कॉर्पोरेट सेक्टर-हर जगह दक्षता की मांग है।

## इंडस्ट्री के लिए आवश्यक कौशल

- प्रभावशाली लेखन और संवाद कौशल
- डिजिटल दक्षताः एमएस ऑफिस, कंटेंट मैनेजमेंट टूल्स
- डेटा रिसर्च और रिपोर्ट लेखन
- सार्वजनिक बोलने और प्रस्तुति कौशल
- आलोचनात्मक सोच और समस्या समाधान क्षमता
- पब्लिक रिलेशन एवं मीडिया हैंडलिंग स्किल्स

## सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

सरकारी क्षेत्र बीए डिग्रीधारकों के लिए आकर्षक और स्थिर अवसर प्रदान करता है। बैंकिंग, बीमा, रेलवे, डाक विभाग, रक्षा सेवाएं, राज्य लोक सेवा आयोग और संघ लोक सेवा आयोग में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में भर्तियां होती हैं। शुरुआती वेतनमान 30,000 से 45,000 मासिक तक हो सकता है, जबकि अनुभव और उच्च पद पर यह 80,000 से 1,20,000 तक पहुंच जाता है।

### स्पेशलाइज़ेशन आधारित संभावित प्रोफाइल्स

- इतिहास/राजनीति विज्ञान/समाजशास्त्र
- सिविल सेवाओं में उच्च सफलता दर
- ग्राम विकास अधिकारी
- पंचायत सचिव
- लोकसभा/राज्यसभा रिसर्च फेलो

### अर्थशास्त्र

- आर बी आई असिस्टेंट
- सांख्यिकी विभाग में सहायक
- इस इस सी में इकोनॉमिक इन्वेस्टिगेटर

### मनोविज्ञान

- रक्षा सेवाओं में मनोवैज्ञानिक अधिकारी
- सामाजिक न्याय विभाग में काउंसलर
- पुलिस विभाग में रिक्रूटमेंट/ट्रेनिंग काउंसलर

### भूगोल

- सर्वे ऑफ इंडिया में अधिकारी पद
- पर्यावरण एवं जलवायु विभाग में अनुसंधान सहायक
- आपदा प्रबंधन विभाग में सहायक पद

### जनसंचार

- सरकारी सूचना सेवा
- प्रसार भारती में रिपोर्टर/प्रोड्यूसर
- राज्य सूचना विभाग में पब्लिक रिलेशन अफसर

### रक्षा सेवाएं

- लेफ्टिनेंट
- आर्मी एजुकेशन कोर अफसर
- अकाउंट अफसर
- एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर
- लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर
- टेरीटोरियल आर्मी अफसर

### उच्च अध्ययन के विकल्प

- पाठ्यक्रम विवरण
- एम.ए. (स्पेशलाइज़ेशन अनुसार) उच्च शिक्षा व शोध हेतु आवश्यक
- एम.बी.ए. प्रबंधन और कॉर्पोरेट नेतृत्व भूमिकाओं हेतु
- बी.एड. शिक्षक बनने के लिए अनिवार्य
- एल.एल.बी. वकालत, कॉर्पोरेट लॉ, सिविल सेवाओं में सहायक
- मास कम्युनिकेशन/जर्नलिज़्म मीडिया, एंकरिंग, रिपोर्टिंग व पीआर में करियर
- समाजकार्य में मास्टर्स (एमएसडब्ल्यू) एनजीओ, पब्लिक हेल्थ व सामाजिक सेवा क्षेत्र हेतु
- मनोविज्ञान में पीजी/डिप्लोमा काउंसलिंग व क्लिनिकल मनोविज्ञान क्षेत्र हेतु



## निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

बीए डिग्रीधारकों के लिए निजी क्षेत्र में विविध क्षेत्रों में अवसर उपलब्ध हैं। मीडिया, शिक्षा, पब्लिक रिलेशन, कंटेंट राइटिंग, मानव संसाधन, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, काउंसलिंग, एडटेक और टूरिज़्म जैसे क्षेत्रों में रोजगार की अच्छी संभावनाएं हैं। शुरुआती वेतनमान 15,000 से 25,000 मासिक हो सकता है, वहीं अनुभव और विशेषज्ञता के साथ यह 40,000 से 70,000 तक पहुंच सकता है। निम्न लिखित निजी क्षेत्रों में आप अपना करियर बना सकते हैं।

### मीडिया एवं जनसंचार

- रिपोर्टर/जर्नलिस्ट
- न्यूज़ एडिटर
- पब्लिक रिलेशन एग्जीक्यूटिव

### कंटेंट एवं डिजिटल सेक्टर

- कंटेंट राइटर
- कॉपी एडिटर
- सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर
- एसईओ एग्जीक्यूटिव

### शिक्षा एवं प्रशिक्षण

- टीचिंग असिस्टेंट
- ऑनलाइन ट्यूटर
- एजुकेशन काउंसलर

### कॉरपोरेट एवं मानव संसाधन

- एचआर असिस्टेंट
- ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर
- एडमिन एग्जीक्यूटिव

### पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र

- टूर गाइड
- ट्रैवल कंसल्टेंट
- हॉस्पिटैलिटी एग्जीक्यूटिव

### स्पेशलाइज़ेशन आधारित संभावित प्रोफाइल्स

- अंग्रेज़ी/हिंदी साहित्य
- कंटेंट राइटर
- कॉपी एडिटर
- ट्रांसलेटर
- प्रकाशन सहायक

### इतिहास/राजनीति विज्ञान/समाजशास्त्र

- रिसर्च असिस्टेंट
- पब्लिक पॉलिसी एनालिस्ट
- सोशल मीडिया कैम्पेनर
- एनजीओ कोऑर्डिनेटर

### अर्थशास्त्र

- रिसर्च एनालिस्ट
- डेटा एंट्री एवं एम आई इस एग्जीक्यूटिव
- मार्केट सर्वे एग्जीक्यूटिव
- फाइनेंशियल कंसल्टिंग असिस्टेंट

### मनोविज्ञान

- काउंसलर (स्कूल/कॉलेज)
- एचआर ट्रेनिंग असिस्टेंट
- बिहेवियरल एनालिस्ट
- करियर काउंसलर

### भूगोल

- जी आई इस असिस्टेंट
- टूर एवं ट्रैवल कंसल्टेंट
- सर्वे रिसर्चर

### दर्शनशास्त्र

- एथिक्स ट्रेनर
- शिक्षा व वैचारिक शोध सहायक

### जनसंचार

- रिपोर्टर/जर्नलिस्ट
- पीआर एग्जीक्यूटिव
- डिजिटल मीडिया कोऑर्डिनेटर

## स्किल्स विकसित करें छात्र

बीए केवल एक स्नातक डिग्री नहीं, बल्कि यह छात्रों को विभिन्न विषयों में विशेषज्ञता और करियर विकल्पों का विस्तृत मार्ग प्रदान करती है। यदि छात्र अपनी स्पेशलाइज़ेशन के अनुरूप स्किल्स विकसित करें और प्रतियोगी परीक्षाओं या उच्च अध्ययन के लिए प्रयास करें, तो वे निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्ट भविष्य बना सकते हैं। अपने करियर का चुनाव करने से पहले किसी भी योग्य करियर सलाहकार से सलाह ज़रूर लें। अधिक जानकारी के लिए **www.careerjaano.com** पर भी विज़िट कर सकते हैं।

# सपनों को हकीकत में बदलें : भारत की चुनौतियों में सकारात्मक बदलाव की राह



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

भारत, एक ऐसा देश जो विविधता, संस्कृति और अवसरों का संगम है, लेकिन इसके साथ ही कई चुनौतियाँ भी हैं। बढ़ती जनसंख्या, आर्थिक असमानता, शिक्षा तक सीमित पहुंच, और सामाजिक दबाव जैसे हालात कभी-कभी हमारे सपनों को धूमिल कर सकते हैं। लेकिन, प्रिय छात्रों, ये चुनौतियाँ आपके सपनों को रोकने की ताकत नहीं रखतीं। आपमें वह शक्ति है जो इन कठिनाइयों को अवसरों में बदल सकती है। सपने वो बीज हैं, जो आपके मन में बोए जाते हैं। लेकिन उन्हें पनपने के लिए सही दिशा और मेहनत की जरूरत होती है। सबसे पहले अपने सपनों को स्पष्ट करें। आप क्या बनना चाहते हैं? क्या हासिल करना चाहते हैं? चाहे वह डॉक्टर, इंजीनियर, कलाकार, उद्यमी, या कुछ और बनने का सपना हो, उसे कागज पर लिखें।

## चुनौतियों को हार का बहाना न बनने दें

भारत में कई बार सामाजिक या आर्थिक दबाव हमें अपने सपनों से भटका देते हैं। लेकिन याद रखें, आपका सपना आपकी ताकत है। उदाहरण के लिए, अगर आप एक छोटे शहर या गाँव से हैं, जहां संसाधनों की कमी है, तो यह आपके लिए रुकावट नहीं, बल्कि एक प्रेरणा होनी चाहिए कि आप उन सीमाओं को तोड़ सकते हैं।

**चुनौतियों को अवसरों में बदलें** : भारत में कई छात्र आर्थिक तंगी, संसाधनों की कमी, या परिवार के दबाव का सामना करते हैं। लेकिन इन चुनौतियों को हार का बहाना न बनने दें। हर मुश्किल एक सबक है। उदाहरण के लिए।

**आर्थिक तंगी**: अगर आपके पास कोचिंग या महंगे संसाधनों के लिए पैसे नहीं हैं, तो इंटरनेट का उपयोग करें। आज यूट्यूब, खान एकेडमी, और कई मुफ्त ऑनलाइन प्लेटफॉर्म उपलब्ध हैं, जो आपको मुफ्त में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा दे सकते हैं।

**सामाजिक दबाव**: अगर आपके परिवार या समाज को आपके सपनों पर भरोसा नहीं है, तो धैर्य और संवाद से उन्हें समझाएँ। अपनी मेहनत और छोटी-छोटी उपलब्धियों से उनके विश्वास को जीतें।

**प्रतिस्पर्धा**: भारत में प्रतिस्पर्धा बहुत ज्यादा है, लेकिन यह आपको और मजबूत बनाती है। अपनी तुलना दूसरों से न करें; अपने लक्ष्य पर ध्यान दें और हर दिन बेहतर बनने की कोशिश करें।

**सकारात्मक सोच**: आपकी सबसे बड़ी ताकत सकारात्मक सोच वह जादू है, जो असंभव को संभव बनाती है। भारत जैसे देश में, जहाँ हर दिन नई चुनौतियाँ सामने आती हैं, सकारात्मक दृष्टिकोण आपको आगे बढ़ने की हिम्मत देता है। अपने मन से नकारात्मक विचारों को हटाएँ। अगर आप सोचते हैं कि "मैं यह नहीं कर सकता", तो उसे बदलकर कहें, "मैं कोशिश करूँगा और सीखूँगा।" प्रेरणा लें उन लोगों से, जिन्होंने भारत में कठिन परिस्थितियों में अपने सपनों को हासिल किया। जैसे कि:

**डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम**: एक साधारण परिवार से निकलकर भारत के मिसाइल मैन और राष्ट्रपति बने। उनकी कहानी हमें सिखाती है कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

**धीरूभाई अंबानी**: एक छोटे से गाँव से शुरूआत कर उन्होंने रिलायंस जैसी विशाल कंपनी बनाई। उनकी कहानी हमें बताती है कि सपने देखने की कोई सीमा नहीं होती।

## छोटे कदम, बड़े परिणाम

सपनों को हासिल करने के लिए बड़े-बड़े कदमों की जरूरत नहीं होती। छोटे-छोटे कदम भी आपको मंजिल तक ले जा सकते हैं। अपने लक्ष्य को छोटे-छोटे हिस्सों में बाँटें। उदाहरण के लिए, अगर आप एक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, तो हर दिन कुछ घंटे पढ़ाई के लिए निकालें। एक समय में एक विषय पर ध्यान दें। अपनी प्रगति को ट्रैक करें और हर छोटी उपलब्धि पर खुद को प्रोत्साहित करें।

**शिक्षा और कौशल**: आपके सपनों की नींवः भारत में शिक्षा और कौशल विकास आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। अगर आपके पास संसाधन सीमित हैं, तो सरकारी योजनाओं और स्कॉलरशिप का लाभ उठाएँ। साथ ही, आज के डिजिटल युग में तकनीकी कौशल सीखना बहुत जरूरी है। कोडिंग, डिजिटल मार्केटिंग, डेटा एनालिसिस जैसे कौशल न केवल आपको नौकरी दिला सकते हैं, बल्कि आपके सपनों को नई उड़ान भी दे सकते हैं।

**समुदाय और सहयोग**: एक साथ मिलकर आगे बढ़ेंः अकेले चलना मुश्किल हो सकता है। अपने आसपास के दोस्तों, शिक्षकों, या मेंटर्स का सहारा लें। एक-दूसरे के साथ ज्ञान और प्रेरणा साझा करें। भारत में कई गैर-लाभकारी संगठन और समुदाय हैं, जो छात्रों को मुफ्त में मार्गदर्शन और संसाधन प्रदान करते हैं। इनका लाभ उठाएँ और अपने सपनों को और मजबूत करें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हिंदी किस भाषा परिवार की भाषा है
(ए) भारोपीय (बी) द्रविड़
(सी) ऑस्ट्रिक (डी) चीनी-तिब्बती

**2.** भारत में सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा कौन सी है
(ए) हिंदी (बी) संस्कृत
(सी) तमिल (डी) उर्दू

**3.** हिंदी भाषा का जन्म हुआ है
(ए)अपभ्रंश (बी) लौकिक संस्क्रत
(सी)पालि-प्राकृत (डी) वैदिक संस्कृत

**4.** निम्न में से कौन सी बोली अथवा भाषा हिंदी के अंतगर्त नहीं आती है
(ए) कन्नौजी (बी) बांगरू
(सी) अवधी (डी) तेलुगु

**5.** हिंदी की विशिष्ट बोली ब्रजभाषा किस रूप में सबसे अधिक प्रसिद्ध है
(ए) राजभाषा (बी) तकनीकी भाषा
(सी) राष्ट्रभाषा (डी) काव्यभाषा

**6.** भारतवर्ष में हिंदी को आप किस वर्ग में रखेंगे
(ए) राजभाषा
(बी) राष्ट्र भाषा
(सी) विभाषा
(डी) तकनीकी भाषा

**7.** दूढाली बोली है
(ए) पश्चिमी राजस्थान की
(बी) पूर्वी राजस्थान की
(सी) दक्षिणी राजस्थान की
(डी) उतरी राजस्थान की

**8.** ब्रजबुली नाम से जानी जाती है
(ए) पंजाबी
(बी) मराठी
(सी) गुजराती
(डी) पुरानी बांग्ला

**9.** निम्न में से कौन सी भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है
(ए) गुजराती
(बी) उड़िया
(सी) मराठी
(डी) सिन्धी

**10.** एक मनई के दुई बेटवे रहिन। ओह माँ लहरा अपने बाप से कहिस - दादा धन मां जवन हमर बखरा लागत होय तवन हमका दै द। यह अवतरण हिंदी किस बोली में है
(ए) भोजपुरी
(बी) कन्नौजी
(सी) अवधी
(डी) खड़ी बोली

**उत्तर** 1.(ए) 2.(ए) 3.(ए) 4.(डी) 5.(डी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी) 9.(सी) 10.(सी)

## खबर संक्षेप



रोहतक। चंद्र ग्रहण पर डेहरी मोहल्ले में भजन गाती महिलाएं।



रोहतक। आयोजित शिविर में विधायक भारत भूषण बतरा की जांच करते डॉक्टर। फोटो : हरिभूमि

### हेल्थ जांच शिविर में जांचा लोगा का स्वास्थ्य

**रोहतक।** गोयल मार्बल हाउस में मेडिकल टीम ने स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। कैंप का आयोजन निगम पार्षद विजय गोयल ने किया। जिसका उद्घाटन कांग्रेस विधायक भारत भूषण बतरा ने किया। कैंप में हड्डी रोग, महिला रोग व मेडिसन विभाग के डॉक्टर ने मरीजों की जांच कर उपचार किया। कैंप के आयोजन में योगेन्द्र बॉस, अभिमन्यु सिलवाल, राजीव यादव, विजय सिंगला, ओम प्रकाश भगत, सुभाष गुप्ता, गौरव तायल, लवीना सिंगला एडवोकेट, कुलदीप मित्तल, रामकुमार सांघी वाले ने विशेष सहभागिता की।

### कुमाऊ सभा रोहतक की आमसभा आयोजित

**रोहतक।** कुमाऊं सभा रोहतक की आमसभा की बैठक रविवार को कुमाऊं सामुदायिक भवन, एकता कॉलोनी में संपन्न हुई। बैठक में आगामी नवरात्रि महोत्सव और धार्मिक आयोजनों को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। सभा ने तय किया कि 22 से 29 सितंबर 2025 तक प्रतिदिन सुबह दुर्गा पूजा और शाम को राम कथा का आयोजन होगा। 22 सितंबर को सुबह 10 बजे कलश यात्रा एकता कॉलोनी से धूमधाम से निकाली जाएगी। वहीं 30 सितंबर को हवन-पूजन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। बैठक में यह भी सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि सभा के मंदिर, एकता कॉलोनी में उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध न्यायकारी ग्वेल (गोल्ज्यू) देवता की मूर्ति स्थापित की जाएगी। मान्यता है कि ग्वेल देवता भगवान शिव के अवतार हैं और न्याय के देवता के रूप में पूजित हैं।

### तीन स्थानों से वाहन चोरी, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** इलाके में वाहन चोरी के मामले नहीं थम रहे। अब तीन और लोगों ने पुलिस थाने में वाहन चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को दी शिकायत में सांखोल के निवासी रवि ने कहा है कि उसने अपने घर के बाहर थ्री व्हीलर खड़ा किया था। रात को कोई चुरा ले गया। वहीं, बराही के निवासी मंजीत का कहना है कि उसने ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन के निकट बाइक खड़ी की थी। फिर काम के सिलसिले में चला गया। वापस आया तो बाइक नहीं मिली।

## सभी टीमें कल दोपहर अपने-अपने प्रतियोगिता स्थलों के लिए रवाना होंगी

# मेहनत, लगन और अनुशासन से रोहतक के खिलाड़ी करेंगे दमदार प्रदर्शन : संजय मलिक

- रोहतक जिले के सभी खिलाड़ी लगातार अभ्यास कर रहे
- प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में चल रही तैयारियां

प्रतियोगिता में जिले से लगभग 320 खिलाड़ी भाग लेंगे, राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं 8 से 10 सितंबर तक विभिन्न जिलों में आयोजित होंगी और प्रत्येक खेल अपने-अपने निर्धारित जिला मुख्यालय पर सम्पन्न होंगे, रोहक की टीमों ने जीत के लिए की है शानदार तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा आयोजित 58वीं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता ( अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19, बालक एवं बालिकाएं) में रोहतक जिले से विभिन्न खेलों की टीमें चयनित की गई हैं। इस प्रतियोगिता में जिले से लगभग 320 खिलाड़ी भाग लेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं 8 से 10 सितंबर तक विभिन्न जिलों में आयोजित होंगी और प्रत्येक खेल अपने-अपने निर्धारित जिला मुख्यालय पर सम्पन्न होगा।

एईओ संजय मलिक ने आगे बताया कि सभी टीमें कल दोपहर को अपने-अपने प्रतियोगिता स्थलों के लिए रवाना होंगी। रोहतक जिले के सभी चयनित खिलाड़ी लगातार अभ्यास कर रहे हैं और अनुशासन व मेहनत के साथ अपने प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में तैयारियां कर रहे हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि रोहतक जिले के खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और पदक जीतकर जिले का नाम पूरे प्रदेश में गौरवान्वित करेंगे। इस अवसर पर उपायुक्त विजेंद्र हुड्डा, जिला सहायक शिक्षा अधिकारी (खेल) संजय मलिक, एईईओ राकेश सिवाच, सभी खेलों के इंचार्ज, दिलबाग सिंह, विकास डीपीई, मनीषा (बॉक्सिंग टीम इंचार्ज), डॉ. जनक राज (आर्चरी इंचार्ज), कुलदीप पीटीआई, राजू पीटीआई आदि मौजूद रहे।



रोहतक। टीम के साथ आयोजक और कोच। फोटो : हरिभूमि

### किट वितरण कार्यक्रम

रोहतक में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में डीपीसी विजेंद्र हुड्डा एवं जिला सहायक शिक्षा अधिकारी (खेल) संजय मलिक ने सभी चयनित खिलाड़ियों और उनकी टीमों के इंचार्ज को स्पोर्ट्स किट वितरित की। इस अवसर पर विजेंद्र हुड्डा ने खिलाड़ियों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप पूरी तैयारी के साथ अपने कोच/इंचार्ज के दिशा-निर्देशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें, अच्छे परिणाम अपने आप मिलेंगे, पूरे समर्पण के साथ खेलें और रोहतक जिले का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखें, जीत हासिल कर न केवल जिले के लिए पदक लाएं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर चयन का रास्ता भी प्रशस्त करें।

### खेलों के इंचार्ज एवं स्थल

जिला सहायक शिक्षा अधिकारी (खेल) संजय मलिक ने बताया कि प्रत्येक खेल के लिए कोच/इंचार्ज नियुक्त किए गए हैं, जो खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे और प्रतियोगिता से संबंधित आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराएंगे।जिले से चयनित खिलाड़ी कबड्डी, कुश्ती, बैडमिंटन, आर्चरी, फेंसिंग, ताइक्वांडो, टेबल टेनिस, बॉक्सिंग तथा शतरंज जैसे खेलों में दमखम दिखाएंगे।

### इस प्रकार है टीमें

▸▸पानीपत – कबड्डी (अंडर-17 एवं अंडर-19, बालक वर्ग): दिनेश डांगी
▸▸कुश्ती – (अंडर-17, बालक वर्ग): सुनील । (अंडर-19, बालक वर्ग): नरेश
▸▸फरीदाबाद – बैडमिंटन (अंडर-17 एवं अंडर-19, बालक वर्ग): ओमपाल
▸▸आर्चरी (अंडर-17 एवं अंडर-19, बालक एवं बालिका वर्ग): डॉ. जनक राज
▸▸तलवारबाजी (अंडर-19, बालक एवं बालिका वर्ग): सुमन । (बालिका वर्ग): फूलपती
▸▸फतेहाबाद – ताइक्वांडो (अंडर-17 एवं अंडर-19, बालक वर्ग): अशोक
▸▸टेबल टेनिस (अंडर-17 एवं अंडर-19, बालक वर्ग): विशाल छछरौली, दादरी –
▸▸बॉक्सिंग(अंडर-17 एवं अंडर-19, बालिका वर्ग): मनीष एवं सुनेहरी
▸▸शतरंज (चेस): (अंडर-17 एवं अंडर-19, बालक वर्ग): ओमबीर । (अंडर-17, बालिका वर्ग): आशा । (अंडर-19, बालिका वर्ग): समीता

### खास बातें

- राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं 8 से 10 सितंबर तक विभिन्न जिलों में आयोजित होंगी

## स्वामी अमृतानंद औषधालय में दंत विभाग का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

स्वामी अमृतानंद औषधालय में दंत विभाग का शुभारंभ स्वामी अमृतानंद धर्मार्थ औषधालय तपोनिधि स्वामी विश्वेश्वरानंद गुरुकुलम ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस दौरान दंत चिकित्सा एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। महामंडलेश्वर विश्वेश्वरानंद के सानिध्य में मुख्य अतिथि समाजसेवी एमडी एलपीएस बोसार्ड राजेश जैन उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शरीर के सभी अंगों की तरह दांतों का भी मानव शरीर में विशेष महत्व है हमारा प्रयास है कि समस्त जन मानव उन्नत एवं स्वस्थ दांतों से धनी हो। इस अवसर पर समाज सेवी पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, समाजसेवी ईश्वर भारती कौशिक, सुनील भयाना, अशोक कुमार सहगल, राजीव जैन, सन्नी, अजय भयाना आदि मौजूद रहे।डॉक्टर परणिका शर्मा इंचार्ज दंत विभाग ने बताया कि अस्पताल में आधुनिक मशीनों द्वारा दांतों की जांच एवं उपचार किया जाएग। यह सुविधा सुबह 9:00 बजे से लेकर 2:00 बजे तक रहेगी। डॉ संजय, डॉ दिनेश शर्मा, ऋषि प्रकाश कौशिक, सीमा शर्मा, राजेंद्र शर्मा ,योगेश अरोड़ा ,अशोक चावला, जगत सिंह गिल, स्वामी अमृतानंद धर्मार्थ औषधालय आयोजन किया।

### तीन दिवसीय विशेष ध्यान योग शिविर का आयोजन



**रोहतक।** समर्थ गुरु मैत्री संघ द्वारा तीन दिवसीय विशेष ध्यान योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसका समापन रविवार को हुआ स्वामी ओंकार ने बताया कि ताज मेडिटेशन ओमेक्स सिटी में भगवान बुद्ध के अष्टांगिक मार्ग व ओमकार दीक्षा आनंद पूर्ण जीवन जीने की कला जानने के लिए 5 से 7 सितंबर रविवार तक विशेष ध्यान योग शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें लगभग 40 साधकों ने अपने ओंकार की नाद को जाना, ध्यान से समाधि तक कैसे पहुंचा जाता है, यह सभी आचार्यों ने विस्तार पूर्वक समझाया। यहां स्वामी रमेश खुराना, आचार्य अनहद, डॉ स्वामी परमवीर, आचार्य दलशे,र आचार्य अमित आदि रहे।

## एडवोकेट रमेश खुराना बने श्रीरामलीला कमेटी के प्रधान, सदस्यों ने मालाओं से किया स्वागत

नई कार्यकारिणी का भी चुनाव हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

न्यू श्री रामलीला कमेटी लेबर चौक पटेल नगर गांधी नगर की मीटिंग श्रीरामलीला के मंचन कार्यक्रम को लेकर स्थानीय लेबर चौक स्थित हेज़ल ड्रीम्स बैंक्विट हॉल में संपन्न हुई। जिसमें रामलीला के कार्य करने के सभी सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखें व आगामी रामलीला के मंचन के कार्यक्रम को लेकर नई कार्यकारिणी का भी चुनाव किया गया। जिसमें सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर एडवोकेट रमेश खुराना को प्रधान पद के लिए निर्वाचित किया। महासचिव के पद के लिए राजेंद्र अलाहाबादी को, उपप्रधान पद के लिए मलकीत सिंह पाहवा व हरभजन सिंह चावला को सचिव पद के लिए, संदीप शर्मा को सहसचिव पद के लिए, प्रेम भूटानी को कोषाध्यक्ष पद के लिए, नरेश गाबा, जगदीश आहूजा, विनोद भूटानी, अमित सहगल सरदार हरजीत सिंह पाहवा, मनोज अहूजा, इंद्रजीत सिंह गिरधर, गुरमीत नरूला को मुख्य सलाहकार के रूप में निर्वाचित किया गया। इसके अतिरिक्त दो अन्य कमेटियों का भी चयन किया गया, जिसमें सात सदस्य अनुशासन कमेटी व सात सदस्य स्वागत जन संपर्क कमेटी का भी गठन किया गया। अनुशासन कमेटी में अमृतलाल कपूर, मलकीत सिंह पाहवा रमेश खुराना, प्रताप सिंह गिरधर, नरेश कुमार गाबा को नियुक्त कaयि गया। इसी प्रकार जनसंपर्क व स्वागत कमेटी में राजेंद्र अलाहाबादी, नरेश गाबा, राजकुमार शर्मा, नीतू गिरधर, जितेंद्र साहनी, पंकज सपड़ा का चयन किया गया। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के सरपरस्त अमृतलाल कपूर, सरदार हरजीत सिंह पाहवा, प्रताप सिंह गिरधर, मनोज कुमार आहूजा राजकुमार खुराना, प्रीतम दास भयाना, अमित सहगल, राजेंद्र शर्मा, संजय खुराना, रमेश खुराना, हरभजन सिंह चावला, सुरेंद्र नरूला, पंकज सपड़ा आदि रहे।



रोहतक। नवनिर्वाचित श्रीरामलीला कमेटी का स्वागत करते सदस्य।

## सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों की नॉर्थ जॉन-2 जूडो प्रतिस्पर्धा में शानदार उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने सीबीएसई द्वारा सोनीपत में आयोजित नॉर्थ जॉन-2 जूडो गेम में अद्वितीय प्रदर्शन कर विद्यालय का भारतीय परचम लहराया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने शानदार सफलता अर्जित की। गौरव ने अंडर-17 (50 किलो भार वर्ग) में रजत पदक, रिया ने अंडर 14 (32 किलो ग्राम भार वर्ग) में स्वर्ण पदक , युग ने अंडर-11 (30 किलोग्राम )भार वर्ग में स्वर्ण पदक , अंशिका ने अंडर 14( 50 किलोग्राम भार वर्ग )में कांस्य पदक और वंशिका ने 44 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक अर्जित किया। इतना ही नहीं, कक्षा 11वीं के छात्र प्रिंस ने अपने कोच शरद के मार्गदर्शन में शूटिंग प्रतिस्पर्धा में 10 मीटर में रजत पदक और 10 मी. यूथ में कांस्य पदक अर्जित कर प्री - नेशनल चैंपियनशिप में अपनी जगह बनकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय देते हुए विद्यालय व अभिभावकों का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों की लगन और मेहनत ने यह प्रमाणित कर दिया कि सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी किसी भी प्रतियोगिता में पीछे नहीं हैं और निरंतर उत्कृष्टता की नई ऊँचाइयों को छू रहे हैं।



रोहतक। सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

## श्रद्धा से मनाया सालाना अखंड कीर्तन समागम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार शिवाजी कॉलोनी में बड़ी बड़ी श्रद्धा भाव के साथ सालाना अखंड कीर्तन समागम अखंड कीर्तन जत्था दिल्ली की संगत के सहयोग से गुरबाणी और गुरुजस गायन करके मनाया गया। पूरे गुरुद्वारा साहिब की दीवान हाल का माहौल आनंद में हो गया। इस मौके पर प्रधान सरदार राजेंद्र सिंह चिटकारा व गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी में सरदार अवतार सिंह कोचर , साहिल कात्याल ,निखिल चोपड़ा अजीत सिंह, अजीत सिंह राजू, तिलक राज धवन ,नरेश कात्यालआदि सज्जन मौजूद रहे। यह जानकारी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सरदार परमजीत सिंह की ओर से दी गई।



## डोभ स्थित श्रीबालाजी धाम में हुआ हवन, संकीर्तन व भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

रोहतक। गांव डोभ स्थित श्रीबालाजी धाम में आज पूर्णिमा के अवसर पर धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। धाम के संस्थापक प्रधान पुरुषोत्तम दास बंसल ने बताया कि हर पूर्णिमा की तरह आज भी सुबह हवन यज्ञ और 108 बार हनुमान चालीसा पाठ से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। दोपहर 12 बजे से साढ़े तीन बजे तक श्रीबालाजी संकीर्तन, भंडारा, भक्त मेला और निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट रोहतक के प्रधान नरेश गोयल ने बतौर मुख्य यजमान भाग लिया और श्रीबालाजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। भजन गायक सतपाल रोहटिया, सूरज रोहटिया और रवि कौशिक ने सुंदर-सुंदर भजनों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। झांकियों की प्रस्तुति रिंकू महादेव ने दी, जबकि मंच संचालन का कार्य विनोद गुप्ता ड्रम वाले ने किया। हर रविवार की तरह इस बार भी शनि देव मित्र मंडल की यात्रा दुर्गा भवन मंदिर से डोभ धाम पहुंची। स्वास्थ्य जांच शिविर में आंखों की जांच, दांतों की जांच, एक्युप्रेशर, कान-नाक-गला परामर्श, दवाइयां और चश्मे निशुल्क उपलब्ध कराए गए।



## पूर्व पार्षद नौरातामल भटनागर का सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

चित्रांश चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के तत्वाधान में कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के स्पीकर हाल में नागरिक अभिनंदन समारोह में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व पार्षद नौरातामल भटनागर का नागरिक सम्मान किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार श्रीवास्तव, सचिव मनोज श्रीवास्तव तथा देश के अनेक गणमान्य अतिथियों ने पुष्पमाला तथा पटका पहनकर उनका स्वागत किया गया। नौराता मल भटनागर ने कायस्थ समाज को एक सूत्र में संगठित के लिए प्रेरित किया तथा बताया कि जब देश में कायस्थ समाज की संख्या 12 करोड़ से ज्यादा है तो समाज के सभी वर्गों को एकता अखंडता दिखानी होगी तथा राजनीति के अंदर एवं सामाजिक क्षेत्र में अग्रणीय भूमिका में रहना होगा। संगठित होकर कायस्थ बाहुल्य क्षेत्रों में कायस्थ प्रत्याशियों को जितवाने में जोर लगाए। बिहार के चुनावों में लगभग 70 प्रतिशत सीटों में कायस्थ निर्णायक भूमिका में हैं। इस अवसर पर रोहतक से सुरेंद्र भटनागर, सौरभ भटनागर तथा डॉ हर्ष कुलश्रेष्ठ विशेष आमंत्रित सदस्य रहे। प्रतिभा सम्मान में सौरव भटनागर को उभरते हुए क्रिकेटर तथा पार्षद नीरा भटनागर वार्ड 6 रोहतक को नारी शक्ति करण के लिए अवार्ड से सम्मानित किया गया। महाराष्ट्र से आए शिवसेना (शिंदे गुट ) तथा भारतीय जनता पार्टी के समन्वयक डॉक्टर अभिषेक वर्मा, इतिहासकार किशोर कुमार, कपिल सक्सेना, विवेक कुलश्रेष्ठ , निशि कुलश्रेष्ठ, कोटा राजस्थान से अभिषेक आचार्य आदि रहे।



### बारिश से सड़कें टूटी आमजन परेशान

**सांपला।** बारिश के बाद जलभराव ने सड़कों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। ऐसे में हादसे का खतरा बढ़ गया है। लोग सड़कों की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। अब भी जगह-जगह बारिश का पानी भरा हुआ है।

वार्ड 13 की सड़क, मंडी वाले रोड में बारिश के बाद जलभराव हो गया। सड़कें पहले से ही जर्जर थी, लेकिन बारिश होने पर सड़कें बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई हैं।

## महर्षि दयानंद के विचारों से समाज के सुधार का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

रोहतक। आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा द्वारा दयानंद मठ में रविवार को मासिक वैदिक सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक यज्ञ से हुई, जिसमें आचार्य संत राम ने ब्रह्मा की भूमिका निभाई। सत्संग में बड़ी संख्या में आर्य समाजी और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

भजनोपदेशक रामनिवास आर्य ने भावपूर्ण भजनों के माध्यम से ईश्वर-भक्ति और महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन आदर्शों पर प्रकाश डाला। वैदिक सत्संग के मंच से वक्ताओं ने समाज सुधार, शिक्षा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। सभा मंत्री उमेद सिंह शर्मा और दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री विनय आर्य ने आगामी अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन (30 अक्तूबर से 2 नवम्बर 2025, दिल्ली) की जानकारी दी और सभी आर्य समाजियों से अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया। वक्ताओं ने इसे समाज को नई दिशा देने का ऐतिहासिक अवसर बताया। मुख्य वक्ता डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार (कुरुक्षेत्र) ने अपने प्रवचन में कहा कि महर्षि दयानंद का जीवन अनुकरणीय है और उनके बताए सिद्धांतों से ही समाज की बुराइयों को दूर किया जा सकता है।





TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

RADHA SWAMI NURSING COLLEGE
(Recognised/Affiliated by Haryana Govt/HN&NMC/INC)
Approved by NIILM University
VPO Kharkara, Distt. Rohtak M. 9812072127
Admission & Guidance (Session 2025-26)
हरियाणा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोर्स करने के लिए संपर्क करें

| Course | Duration | Eligibility |
|---|---|---|
| GNM (Nursing Officer) | 3 Years | 12th Any Stream |

UNIVERSITY COURSE
X-Ray Technician | Physiotherapy | Fire Safety & Technician
Radiology & Imaging Technology | Medical Laboratory Technician
And many others Diploma/B.SC/M.SC Degree Course offered by University.
Rohtak Off.: Radha Swami Medical Institute
Shastri Nagar Hisar Road Bye Pass, Rohtak M. 9812072127

ADARSH COLLEGE OF EDUCATION
Adarsh School Of Nursing
MADINA, ROHTAK
Affiliated to Haryana Govt. HNRC & INC
ADMISSION OPEN
ANM 2 YEARS | GNM 3 YEARS | JBT 2 YEARS
LIMITED SEATS
SC/ST को सरकार से 100% फीस छात्रवृति
ELIGIBILITY: 10+2 in any stream with 45% Marks
SC/BC with 40% Marks | AGE LIMIT: 17-35 Years.
Required Nursing Tutors
रोहतक और नजदीक के गांव से बस सुविधा उपलब्ध
Mob.: 8307117069, 9306840763, 9485578148
Email: adarshschoolmadina@gmail.com

S.V. COLLEGE
18 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत
हेल्थकेयर क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका
Courses:- Limited Seats
DMLT | HOSPITAL MANAGEMENT
DOTT | Radio & Medical Imaging Technology
Eligibilty 12th in any Stream
All Para Medical Course
(6 Month Certificate, 2/3 Years Programme)
UNDER UGC & MHRD (Govt. of India) Approved
Online Course
(नौकरी के साथ पढ़ाई)
BA - MA | B. COM - M. COM
BCA - MCA | LLB - LLM
BBA - MBA | & many more...
UGC-अप्रूव्ड कोर्स के साथ काउंसिलिंग रजिस्ट्रेशन भी करवाया जाता हैं।
Jind Hissar Bypass Railway Bridge, (Nehru Colony) Rohtak -124001
98126-69100, 94665-10173

## खबर संक्षेप

### मंदिर परिसर में ही किया गणेश विसर्जन

**रोहतक।** सैनी पुरा में स्थित सीताराम शिव मंदिर में गणेश महोत्सव के दौरान अंतिम दिन गणपति बप्पा की प्रतिमा का विसर्जन परिसर में ही किया गया। पुजारी हरपाल शर्मा ने बताया कि नहरों को प्रदूषित होने से बचाने के लिए इस पहल की शुरूआत की गई। जिस पानी में विसर्जन किया गया है, उसी पानी को गमलों में प्रयोग किया गया।



### जीएसटी के स्लैब बदलाव से होगा फायदा : ढाका

**रोहतक।** जीएसटी काउंसिल द्वारा जीएसटी के स्लैब में जो बदलाव किए गए हैं, उसे आम आदमी को फायदा होगा। जिला कार्यालय मंगलकमल में यह बात रखते हुए जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका ने कहा कि आम आदमी की पहुंच में महत्वपूर्ण चीजों तक बढ़ जाएगी। जीएसटी के इस बदलाव से न केवल वस्तुएं सस्ती होंगी वरन उनका उपयोग भी बढ़ेगा। जिससे आर्थिक चक्र में वृद्धि होगी और आम जनमानस को लाभ पहुंचेगा। अंतोदय की इस भावना से भाजपा भली भांति परिचित है, जो की अनेक आयोजनों के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास करती है। साथ ही यह भाजपा का संकल्प भी है।

### ब्राह्मणवास की बहू रेखा ने नेट परीक्षा पास की

**रोहतक।** शिक्षा के क्षेत्र में रोहतक जिले ने एक और उपलब्धि हासिल की है। गांव ब्राह्मणवास निवासी बहु रेखा, पत्नी मितेश भारद्वाज ने यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन द्वारा आयोजित सीएसआईआर-नेट जून 2025 परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित की है। रेखा ने गणित विषय में ऑल इंडिया 83वां रैंक प्राप्त किया है और जूनियर रिसर्च फेलोशिप क्वालीफाई कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। रेखा की इस सफलता से पूरे गांव और परिवार में खुशी का माहौल है। उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से यह साबित कर दिया की कोई भी लक्ष्य मुश्किल नहीं होता।

# 76 परीक्षा केंद्रों पर 20,400 ने दी सीईटी परीक्षा, 21,956 ने करवाया था रजिस्ट्रेशन

- बीएससी नर्सिंग, बीपीटी, पोस्ट बेसिक नर्सिंग और अन्य पैरामेडिकल कार्यक्रमों के साथ-साथ एमएससी नर्सिंग, एनपीसीसी और एमपीटी सहित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

**शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए पंडित बी.डी. शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विवि. ने ली परीक्षा**





**रोहतक।** रविवार को आयोजित परीक्षा का निरीक्षण करते कुलपति डॉ. एच.के. अग्रवाल व निदेशक डॉ एस के सिंघल। फोटो : हरिभूमि

विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों जैसे बीएससी नर्सिंग, बीपीटी, पोस्ट बेसिक नर्सिंग और अन्य पैरामेडिकल कार्यक्रमों के साथ-साथ एमएससी नर्सिंग, एनपीसीसी और एमपीटी सहित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईटी) हरियाणा सरकार की ओर से शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए पंडित बी.डी. शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा 7 सितम्बर 2025 को आयोजित की गई।

इस परीक्षा के लिए कुल 21,956 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया था, जिसके लिए हरियाणा के विभिन्न जिलों में सरकारी संस्थानों में 76 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए थे। लगभग 20400 उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा के निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने के लिए, बायोमेट्रिक पहचान, तलाशी, मेटल डिटेक्टरों का उपयोग, सीसीटीवी निगरानी और वीडियोग्राफी सहित कड़े सुरक्षा उपाय लागू किए गए थे।

प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक केंद्र अधीक्षक, उप-अधीक्षक और विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक के रूप में एक वरिष्ठ संकाय सदस्य के साथ-साथ दो सुरक्षाकर्मी (एक पुरुष और एक महिला) तैनात थे। परीक्षा समय पर संपन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय की टीमें सुबह 4:00 बजे ही रवाना कर दी गईं।

### 33 उड़नदस्तों ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

इसके अलावा, केंद्रों का औचक निरीक्षण करने के लिए वरिष्ठ संकाय सदस्यों सहित 33 उड़नदस्ते गठित किए गए थे। माननीय कुलपति और यूएचएसआर के सम्मानित कुलसचिव ने व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए रोहतक के कई परीक्षा केंद्रों का व्यक्तिगत रूप से दौरा किया। परीक्षा बिना किसी अप्रिय घटना के दोपहर 2:00 बजे समाप्त होकर सुचारू और सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परिणाम शीघ्र ही, दो से तीन दिनों के भीतर घोषित किए जाएँगे।

# फसल नुकसान दर्ज करने के लिए सभी गांवों के पोर्टल खोले, 15 तक दर्ज होगा

## अब तक 9761 किसानों ने 66 हजार एकड़ में फसल खराब होने की जानकारी सरकार को दी

- महम, रोहतक और सांपला उपमंडल के गांवों की कृषि भूमि से जल निकासी के लिए 395 पम्प सेट लगाए गए हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



फसल नुकसान दर्ज करवाने के लिए अभी तक जिले के 61 गांव के ही पोर्टल सरकार ने खोले थे। लेकिन रविवार ने एक अहम निर्णय सरकार लिया। जिसके तहत जिले के सभी 147 गांव के पोर्टल ओपन कर दिए गए। किसान 15 सितंबर तक उनकी फसलों में हुए नुकसान को दर्ज करवा सकते हैं। रविवार शाम तक 127 गांव के 9767 किसानों ने सरकार को बताया था कि उनकी 66 हजार एकड़ की फसल ज्यादा बरसात होने की वजह से खराब हो गई हैं। प्रशासन का दावा है कि बारिश से कृषि भूमि में हुए जल भराव की निकासी का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। कृषि भूमि से जल निकासी के लिए 395 पम्प सेट लगाए गए हैं।

महम, रोहतक और सांपला उपमंडल के गांवों की कृषि भूमि से जल निकासी के लिए 395 पम्प सेट लगाए गए हैं, जो 24 घंटे संचालित किए जा रहे हैं। प्रशासन द्वारा अतिरिक्त पम्प सेट के प्रबंध भी किए गए हैं। ताकि आवश्यकतानुसार इनका प्रयोग किया जा सके। सिंचाई विभाग व अन्य संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए है कि वे अतिरिक्त संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करें तथा विशेष योजना तैयार करें। जल निकासी के कार्य को सुचारू ढंग से जारी रखने के दृष्टिगत जिला के तीनों उपमंडलाधीशों को डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है तथा 15 दिन के लिए इन उपमंडलाधीशों को आवश्यकतानुसार डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने की शक्तियां भी दी गई हैं।

### पशु चारे के लिए कमेटी गठित

कृषि भूमि से जल निकासी की निगरानी के लिए ग्राम सचिवों एवं पटवारियों को गांवों में तैनात किया गया है। राजस्व विभाग के अधिकारी भी निरंतर फसलों को हुए नुकसान का आंकलन कर रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा जिला में पशुओं के चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के दृष्टगत कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, पशुपालन एवं डेयरी उपनिदेशक तथा कृषि उपनिदेशक को शामिल किया गया है। यह समिति नियमित रूप से जिला में पशुओं के चारे की समीक्षा करेगी तथा किसी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत निर्णय लेकर उसका समाधान करेगी।

### अधिकारियों को फील्ड में रहने के निर्देश



प्रतिदिन जलभराव से संबंधित गांवों में नियमित रूप से जल निकासी का जायजा लिया जा रहा है। संबंधित गांवों के लोगों से भी जल निकासी के कार्य में पूर्ण सहयोग करने का आह्वान किया जा रहा है। ताकि जल्दी से जल्दी कृषि भूमि से जल निकासी का कार्य पूर्ण किया जा सके। अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे निरंतर फील्ड में रहें तथा जिला से गुजरने वाली सभी ड्रेन के जलस्तर एवं तटबंधों की निगरानी रखें। बिजली विभाग के अधिकारियों को भी जल निकासी के सभी बिन्दुओं पर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है।

-**सचिन गुप्ता** डीसी, रोहतक

### मदद के लिए इन नंबरों पर लगाएं गुहार

जिला प्रशासन द्वारा जिला में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं, जो सातों दिन 24 घंटे क्रियाशील है। लघु सचिवालय स्थित जिला राजस्व अधिकारी के कार्यालय के कमरा नम्बर-102 में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष 01262-230401, उपमंडलाधीश रोहतक कार्यालय में स्थापित बाढ़ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 01262-244151 है। महम उपमंडल स्तर पर बाढ़ बचाव नियंत्रण कक्ष महम स्थित लघु सचिवालय के कमरा नम्बर-6 में स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नम्बर-01257-233148 व सांपला उपमंडल स्तर पर एसडीएम कार्यालय के कमरा नम्बर-3 में बाढ़ बचाव नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष 01262-263046 है। कोई भी व्यक्ति बाढ़ नियंत्रण कक्ष से सम्पर्क कर आवश्यक जानकारी ले सकता है।



### रोहतक सिटी फ्रेंडस क्लब ने 135 जरूरतमंद परिवारों को राशन बांटा

- बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भी सिटी फ्रेंडस क्लब के सदस्यों द्वारा जल्द ही राहत सामग्री

**रोहतक।** जरूरतमंद परिवारों को हर माह राशन वितरण की मुहिम के तहत रोहतक सिटी फ्रेंडस क्लब द्वारा स्थानीय सुभाष नगर पार्क के नजदीक समाजसेवी सुरेंद्र सहगल के निवास स्थान पर 135 जरूरतमंद परिवारों को हर महीने की भांति राशन वितरण किया गया। इस दौरान घोषणा की गई कि क्लब द्वारा दीपावली के उपलक्ष में भी राशन वितरण किया जाएगा और दीपावली का उपहार भी जरूरतमंद परिवारों को दिया जाएगा। इस मौके पर क्लब के सदस्य एवं प्रमुख समाजसेवी गुलशन डंग ने कहा कि रोहतक सिटी फ्रेंडस क्लब के सदस्य समय-समय पर सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं और गरीब की कन्याओं के शादियों के लिए भी आगे बढ़कर उनकी मदद करते हैं और उन्होंने यह भी घोषणा की की जहां-जहां बाढ़ प्रभावित लोग हैं उनके लिए आवश्यक राहत सामग्री वहां जल्द ही भिजवाई जाएगी। डंग ने कहा कि हमारा उद्देश्य जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाना ही नहीं, बल्कि समाज में यह संदेश देना भी है कि सामूहिक प्रयास से किसी भी चुनौती का सामना कर सकते हैं।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर क्लब के सदस्य सुरेंद्र सहगल, रविंद्र बत्रा, वेद छाबड़ा, कुलभूषण आर्य, राजीव गोयल, ओम प्रकाश विज, सुरेंद्र वधवा आदि मौजूद रहे।

# वार्ड 7 में पानी की समस्या से हजारों लोग प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





वार्ड 7 के पार्षद कपिल नागपाल ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही बरतने और समस्या का समाधान नहीं करने के आरोप लगाए हैं। मामले की शिकायत उपायुक्त सचिन गुप्ता को की गई है। जिसमें पार्षद का कहना है कि पिछले कुछ समय उनके वार्ड के पाड़ा मोहल्ला, तेज कालोनी, गुरुनानक पूरा, साईं दास कालोनी, अर्जुन गली , सलारा मोहल्ला, कृष्णा कालोनी, महावीर कालोनी में काले और गंदे पानी की सप्लाई की जा रही है। जिसके सेवन से लोग बीमार पड़ गए हैं। कई बार जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाने के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा। अधिकारी कार्य के प्रति गम्भीर नहीं हैं।

पिछले एक माह से शांत मई चौक के पास किल्ला मोहल्ले में बिल्कुल भी पानी नहीं आ रहा। किल्ले मोहल्ले में पानी की पाईप लाईन डाली जा रही है। पिछले 40 दिनों से जनस्वाथ्य विभाग के अधिकारी और ठेकेदार की मिलीभगत जनता के पैसे की बर्बादी हो रही है। जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा 45 दिन में केवल गड्ढे ही खुदवाए गए हैं।समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा। उन्होंने उपायुक्त से कार्रवाई की मांग की है।

# रोहतक की खिलाड़ी काफी ने जीते दो स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रेवाड़ी में आयोजित राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता के फाइनल ट्रायल में रोहतक जिले की फौजी भाईचारा खेल नर्सरी की खिलाड़ी काफी ने सीनियर वर्ग में अपने अद्वितीय प्रदर्शन से दो स्वर्ण पदक अपंने नाम किए। उनके इस प्रदर्शन ने न केवल रोहतक जिले बल्कि पूरे फौजी भाईचारा ग्रुप का नाम रौशन कर दिया है।इस अवसर पर ग्रुप के संचालक सचिंन फौजी ने काफी को बधाई देते हुए बताया कि काफी पहले भी राज्य, राष्ट्रीय स्तर और खेलो इंडिया जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुकी हैं। सचिन फौजी ने भरोसा जताया कि 11 से 14 सितंबर तक छत्तीसगढ़ में होने वाली राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में भी काफी स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाएंगी।पूर्व जिला खेल अधिकारी रोहतक मनोज कुमार ने खिलाड़ी अरुण आर्य को गुरुकुल लाढोत में प्रशिक्षित किया था। आज वही अरुण आर्य अपने गुरु के पदचिह्नों पर चलते हुए फौजी भाईचारा खेल नर्सरी में युवाओं को निशुल्क योग प्रशिक्षण दे रहे हैं। पिछले पांच वर्षों से फौजी भाईचारा ग्रुप खिलाड़ियों की हर संभव मदद कर रहा है। खिलाड़ियों के खेल उपकरणों से लेकर उनकी डाइट और अन्य जरूरतों तक की जिम्मेदारी ग्रुप संभाल रहा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**जागरूकता** | अभियान 26 सितंबर तक चलेगा

# कन्या भ्रूणहत्या रोकने के लिए आशा वर्कर्स उतरी मैदान में, लोगों को कर रही जागरूक



**रोहतक।** सेमिनार को सम्बोधित करते जिला संरक्षण अधिकारी करमिंदर कौर। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा ने कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ राज्यव्यापी जागरूकता अभियान चलाने का ऐलान किया है। यह अभियान 1 सितंबर से शुरू होकर 26 सितंबर तक चलेगा। जिसके तहत दो जत्थे प्रदेश के सभी 22 जिलों को कवर करेंगे। 26 सितंबर को मुख्यमंत्री के गृह नगर कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय समागम आयोजित होगा और मुख्यमंत्री के नाम सुझाव पत्र सौंपा जाएगा।

यह जानकारी जिले में आयोजित कन्या भ्रूण हत्या विषयक सेमिनार में वक्ताओं ने दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोनिया ने की और संचालन फूलवती ने किया। सेमिनार को जिला संरक्षण अधिकारी करमिंदर कौर, पीजीआईएमएस की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सोनिया दहिया और जिला आशा कोऑर्डिनेटर नरेंद्र संधू ने संबोधित किया। वक्ताओं ने भ्रूण हत्या रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी और आशा वर्कर्स के अभियान की सराहना की। सेमिनार में सीटू जिला अध्यक्ष कमलेश लाहली ने कहा कि हरियाणा में लिंगानुपात लगातार गिरना चिंता का विषय है। 2015 से 2019 के बीच इसमें सुधार हुआ था, लेकिन हाल के वर्षों में स्थिति फिर बिगड़ी है। यह सिर्फ तकनीकी नहीं बल्कि सामाजिक समस्या है, जिसकी जड़ें लड़कियों के खिलाफ भेदभाव, दहेज प्रथा और हिंसा में छिपी हैं। इस दौरान विनोद, धर्मवीर हुड्डा, प्रेम सिंह घिलोडिया, बबीता, अत्तर सिंह हुड्डा, बिमला हुड्डा, विजेंद्र बलियाना, लाभ सिंह हुड्डा, नीरज, अमिता, सुमित्रा, ममता और राजेश सहित कई नेताओं और संगठनों ने भी अभियान को समर्थन देने का संकल्प लिया।

# विद्यार्थी जीवन ही जीवन की असली नींवः गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

माता धनपति देवी ट्रस्ट द्वारा सेठ बिमल प्रसाद मेमोरियल हॉल में रविवार को मासिक बाल संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन महामंडलेश्वर बाबा कपिलपुरी महाराज के सानिध्य में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उद्योगपति नरेश सिंगला (जुलाना) ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया।

शांति परिवार से महेश ने विद्यार्थियों को कहा कि हमें अपनी किस्मत को कोसने के बजाय खुद को समझना चाहिए। उन्होंने प्रकृति और परमात्मा से दोस्ती करने की प्रेरणा दी। बाबा कपिलपुरी ने विद्यार्थियों को नैतिक शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए ट्रस्ट की सराहना की और इसे समाज सेवा की दिशा में निरंतर प्रगति करने की शुभकामनाएं दीं। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि पवन गोयल ने कार्यक्रम का संचालन किया और विद्यार्थियों को पढ़ाई में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। वहीं ट्रस्ट के चेयरमैन हरि प्रकाश गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थी जीवन ही जीवन की असली नींव है। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्यम, साहस, पराक्रम, धैर्य, बुद्धि और शक्ति जैसे गुण अपनाने की बात कही। इस अवसर पर नरेश जैन, अजेश गुप्ता, गोबिंद राम सिंगल, संजय चावला, दिनेश गर्ग, वेद प्रकाश साहनी, ओम प्रकाश विरमानी, कविता जांगड़ा, कृष्णा देवी, प्रवीण बंसल, सुनील जैन (गोलू) सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

